सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
DGR Detective Group Report
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 155 | इंदौर, शुक्रवार 20 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Nitish Kumar Health: सीएम नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा रुकेगी? निवेशक सम्मेलन और राजगीर जाना रद्द, बीमार हैं
2. Parliament: राहुल गांधी को संसद से निलंबित करने की मांग, निशिकांत दुबे ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस
3. UP: 'बिजली विभाग वालों ये दीपा सराय है, तुम जानते नहीं, सरकार बदली तो...; सांसद बर्क के पिता पर धमकाने का आरोप
4. अतुल सुभाष मामले में नया खुलासा: आरजे सिद्दीकी नाम के व्यक्ति से जुड़ा पत्नी निकिता का नाम
5. अयोध्या राम मंदिर: लगाई गई नए पुजारियों की ड्यूटी, स्मार्टफोन के इस्तेमाल पर रोक; ड्रेस कोड भी होगा लागू

# भोपाल में मेंडोरी के जंगल में 52 किलो सोना मिला

### रात दो बजे आयकर विभाग की 100 पुलिसकर्मियों और 30 गाड़ियों के साथ रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में रियल एस्टेट कारोबारियों पर एक्शन के बीच भोपाल में मेंडोरी के जंगल से आयकर विभाग (आईटी) ने 52 किलो सोना बरामद किया है। इसकी कीमत करीब 40 करोड़ 47 लाख रुपए आंकी गई है। सोना एक कार में लदा हुआ था।**

अधिकारियों को अंदेशा है कि जिन रियल एस्टेट कारोबारियों पर आयकर विभाग ने दबिश दी है, सोने के तार उनसे ही जुड़े हैं। सोने को कार में लादकर प्रदेश से बाहर ले जाने की तैयारी थी। पिछले तीन दिन से चल रही बिल्डरों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आईटी की टीम को इसके सुराग मिले थे।

मेंडोरी में सोना जब्ती के दौरान आयकर अफसरों ने पूरी सावधानी बरती। 100 पुलिसकर्मियों और 30 गाड़ियों का कारकेड लेकर रेड की गई। सोना लदी गाड़ी निकल पाती, इसके पहले ही उसे पकड़ लिया गया।

बता दें कि आयकर विभाग के अफसरों ने दो दिन पहले 18 दिसंबर को त्रिशूल कंस्ट्रक्शन, क्वालिटी ग्रुप



और ईशान ग्रुप के भोपाल, इंदौर के 51 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसमें सबसे अधिक 49 ठिकाने भोपाल के शामिल थे। इनमें आईएएस, आईपीएस और राजनेताओं की पसंद वाले नीलबड़, मेंडोरी और मेंडोरा जैसे इलाके शामिल थे। अब तक की कार्वाई में करीब 10 करोड़ कैश के अलावा मेंडोरी के जंगल से 52 किलो सोने की जब्ती की गई है।

### किसका सोना, पता लगा रहे अधिकारी

राजधानी के मेंडोरी इलाके से आयकर अफसरों की टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब दो बजे छापा मारकर 52 किलो सोना जब्त किया। यह सोना एक गाड़ी में भरकर ठिकाने लगाने की तैयारी थी। आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम अब यह पता कर रही है ये सोना किसका है और कहां ले जाया जा रहा था?

### परिवहन विभाग से जुड़े होने की भी आशंका

वहीं, लोकायुक्त की टीम ने गुरुवार सुबह रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस (आरटीओ) के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल में अरेरा कॉलोनी स्थित घर पर छापा मारा। यहां से 1.15 करोड़ रुपए कैश, आधा किलो सोना, हीरे और सोने के करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और चांदी की सिल्लियां सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। शर्मा के ऑफिस से 1.70 करोड़ रुपए कैश सहित प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले हैं। आयकर विभाग को इस मामले में पूर्व मुख्य सचिव के अलावा प्रमुख सचिव स्तर के कुछ अधिकारियों के शामिल होने का अंदेशा है। आयकर विभाग में पिछले कुछ महीनों में नए अफसरों की पोस्टिंग हुई है। इसके बाद मध्यप्रदेश में बड़ा एक्शन लिया गया है। नए अधिकारियों की टीम अभी कुछ और बड़े खुलासे भी करने वाली है।

# आज से रणजीत अष्टमी महोत्सव की शुरुआत

### इंदौर कलेक्टर सुबह करेंगे ध्वजारोहण; 51 हजार दीपों से सजेगा मंदिर परिसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में शुक्रवार से 4 दिवसीय रणजीत अष्टमी महोत्सव शुरू होगा। सुबह कलेक्टर मंदिर में ध्वजारोहण करेंगे। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चार दिनों तक अलग-अलग आयोजन मंदिर परिसर में होंगे। मुख्य आयोजन प्रभातफेरी का रहेगा, जो 23 दिसंबर की सुबह 5 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी।**

मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि रणजीत अष्टमी पर होने वाला यह आयोजन मंदिर का परंपरागत उत्सव है। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शुक्रवार को महोत्सव की शुरुआत होगी। सुबह कलेक्टर आशीष सिंह मंदिर पहुंचेंगे और मंदिर में ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के बाद 11 हजार ध्वजाओं का पूजन भी मंदिर परिसर में किया जाएगा।

**मातृशक्ति और पुरुषों के हाथों में होगी 11 हजार ध्वजाएं**- पं.दीपेश व्यास ने बताया कि, शुक्रवार को जिन 11 हजार ध्वजाओं का पूजन किया जाएगा। ये ध्वजा 23 दिसंबर को निकलने वाली प्रभातफेरी में मातृशक्तियों और पुरुषों के हाथों में रहेगी। इन ध्वजाओं के साथ मातृशक्तियां



और पुरुष प्रभातफेरी में शामिल होकर चलेंगे।

महोत्सव की अगले दिन यानी शनिवार को मंदिर परिसर 51 हजार दीपों की रोशनी से जगमग होगा। मंदिर परिसर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। सैकड़ों भक्त यहां बाबा के दर्शन करने आएंगे। मंदिर परिसर में दीपोत्सव के बाद रात में भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या देर रात तक जारी रहेगी। जिसमें भक्त भजनों पर झूमेंगे।

पं.दीपेश व्यास ने बताया कि 22 दिसंबर को सवा लाख रक्षा सूत्रों को अभिमंत्रित किया जाएगा। पूरे विधि-विधान के साथ इन रक्षा सूत्रों को अभिमंत्रित किया जाएगा। इसके साथ ही बाबा के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा। ये सभी रक्षा सूत्र अभिमंत्रित करने के बाद इन्हें प्रभातफेरी के बाद भक्तों में निशुल्क वितरित किया जाएगा।

**23 दिसंबर को निकलेगी प्रभातफेरी**- महोत्सव के अंतर्गत 23 दिसंबर को बाबा की भव्य प्रभातफेरी सुबह 5 बजे निकलेगी। करीब 4 किमी लंबा यात्रा मार्ग रहेगा। सुबह 5 बजे बाबा स्वर्ण रथ में विराजित होकर भक्तों को दर्शन देने के लिए निकलेंगे। प्रभातफेरी मंदिर परिसर से शुरू होकर द्रविड़ नगर चौराहे से महूनाका चौराहा। महूनाका चौराहे से दशहरा मैदान होते हुए अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचेगी। अन्नपूर्णा मंदिर से यात्रा नरेंद्र तिवारी मार्ग होते हुए वापस मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। पिछले साल यात्रा में करीब 5 लाख भक्त शामिल हुए थे।

# आज सीएम देंगे 1200 करोड़ की सौगात

## सड़कें एसटीपी और डिजिटल इंदौर में होगा खर्च

**इंदौर। सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को इंदौर में करीब 1200 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण करेंगे। यादव इंदौर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम शामिल होंगे। प्रोग्राम के पूर्व गुरुवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने जीएससीसी ग्राउंड पर तैयारियों का निरीक्षण किया।**

मीडिया से चर्चा करते हुए महापौर भार्गव ने कहा कि कई प्रमुख विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण होगा। जिसमें इंदौर के इतिहास में एक साथ साढ़े चार सौ करोड़ से ज्यादा की लागत की मास्टर प्लान की सड़कों का भूमिपूजन, नमामी गंगे के तहत इंदौर में लगने वाले 500 करोड़ से ज्यादा के एसटीपी प्लांट, ग्रीन वेस्ट के प्लांट का लोकार्पण साथ ही



इंदौर के डिजिटलाइजेशन के प्रोग्राम की भी शुरुआत भी सीएम द्वारा की जाएगी। सीएम डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में ये इंदौर की विकास की गाथा का सबसे बड़ा पन्ना होगा, जो इंदौर को अलग दृष्टि से इंदौर को दुनिया में स्थापित करेगा और इसी के साथ आगे ओर भी 500 करोड़ की लागत से हमें मास्टर प्लान की सड़कों की अनुमति मिलने वाली है। नगर भाजपा अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि लगभग 15 हजार से ज्यादा जनता को सीएम यहां से संबोधित करेंगे। महापौर भार्गव ने प्रोग्राम स्थल पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि आयोजन स्थल पर सफाई, सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं का उचित प्रबंधन हो।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11:45 बजे जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर महू के हेलीपेड आएंगे। महू में डॉ. बी.आर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1:10 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर महू के हेलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर दोपहर 1:20 बजे एमआर-12 स्थित हेलीपेड आएंगे। यहां से वे दोपहर 1:30 बजे ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर पहुंचकर निवेश की जागरूकता संबंधी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 2 बजे एमआर-12 के हेलीपेड से हेलीकाप्टर द्वारा आगर-मालवा जिले के सुसनेर जाएंगे। सुसनेर में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात वे शाम 5:20 बजे अटल बिहारी वाजपेयी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे इंदौर को एक हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद वे स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर रात्रि 9:40 बजे वायुयान द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युवाओं को रोजगार देने की दिशा में एक साल में कई उपलब्धियां हासिल

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में रोजगार सृजन की दिशा में बढ़े इन्दौर के कदम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की रोजगार परक इकाईयों की स्थापना के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की नीति को इन्दौर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित करने में सफलता मिल रही है। बीते एक वर्ष में इन्दौर में एमपीआईडीसी के माध्यम से 53 औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए 123.53 हैक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है। इससे प्रस्तावित निवेश 2695 करोड़ रुपये होगा, जिससे लगभग 3 हजार 900 युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही इन इकाईयों की स्थापना से प्रत्यक्ष के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

एमपीआईडीसी महाप्रबंधक श्री राजेश राठौड ने बताया है कि बीते एक वर्ष में इन्दौर क्षेत्र में औद्योगिक निवेश और विकास को तेज गति प्रदान करने के लिए 53 इकाईयों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया हुई। इसमें प्रमुख 15 औद्योगिक इकाइयां जिसमें एशियन पेंट्स लिमिटेड, पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, रैकबैंक डेटासेंटर प्राइवेट लिमिटेड, साई साकेत इंडस्ट्रीज, एसएमओ फैरो अलाय, कोरेब्लॉक स्कैफोल्डिंग और फॉर्मवर्क प्राइवेट लिमिटेड, सोना पल्प मोल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड,




पीसीके एग्री वेंचर, एलाइन रिटेल ट्रेड्स प्राइवेट लिमिटेड, ओसवाल कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, जेएएसएच इंजीनियरिंग लिमिटेड, ओके फर्न प्रिसिजन कास्टिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड, खुशी पैकेजिंग्स प्राइवेट लिमिटेड एवं कमर्शियल सिन बैग्स लिमिटेड आदि प्रमुख है। उन्होंने बताया इन इकाईयों से युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर सृजित होंगे, जो क्षेत्र के विकास को गति देने का काम करेंगे।

**12 इकाईयों को 43 हैक्टेयर भूमि आवंटन, लगभग 644.70 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित, 2492 युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर–** नवीन औद्योगिक इकाईयों के स्थापना के तहत 12 उत्पादन इकाईयों को 43 हैक्टेयर भूमि के आवंटन से लगभग 644.70 करोड रूपये का निवेश प्रस्तावित है। इन इकाईयों के माध्यम से 2492 युवाओं के लिए रोजगार के प्रत्येक अवसर सृजित होंगे।

**नवीन प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों के माध्यम से रोजगार और विकास को मिलेगी नई दिशा–** नवीन प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों के माध्यम से स्थापित औद्योगिक इकाईयों से रोजगार सृजन के साथ-साथ इन्दौर सहित आसपास के क्षेत्रों में विकास को एक नई दिशा मिलेगी। इसमें स्मार्ट इण्डस्ट्रीयल टाउनशिप, पीथमपुर, आई.टी. पार्क 3. भंवरकुआ, इंदौर, आई.टी. पार्क 4, इलेक्ट्रानिक काम्पलेक्स, इंदौर, प्लग एण्ड प्ले, रेडीमेड गारमेंट काम्पलेक्स, इंदौर, मोहना, जिला इंदौर, प्रस्तावित इंदौर पीथमपुर इकॉनोमिक कॉरिडोर, पीएम मित्रा पार्क, तह. बदनावर, जिला धार, औद्योगिक क्षेत्र तिलगारा तह. बदनावर, जिला धार, मल्टी मॉडल लॉजिस्टि पार्क, प्रस्तावित अहिल्या गारमेंट सिटी, बरलई, प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र माचल, इंदौर, कन्फेक्शनरी क्लस्टर एक्सटेंशन इंदौर, औद्योगिक क्षेत्र लालबाग जिला धार प्रमुख है।

# रणजीत हनुमान मंदिर से निकला बाबा का रथ



**इंदौर। रणजीत हनुमान मंदिर से गुरुवार रात को बाबा का रथ बाहर निकाला। रोड पर सैकड़ों युवाओं ने रस्सी से रथ को खिंचा। वहीं ढोल सदस्यों ने ढोल की शानदार प्रस्तुति दी। आगामी 23 दिसंबर को रणजीत हनुमान मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जिसकी तैयारियां मंदिर में की जा रही है। इसी कड़ी में रथ को बाहर निकाला गया था।**

मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि गुरुवार रात को मंदिर परिसर से बाबा का रथ बाहर निकाला गया। रथ को सैकड़ों युवाओं ने खिंचा। मंदिर परिसर से कुक्कुट भवन तक रथ ले जाया गया। जिसके बाद उसे वापस मंदिर परिसर में लाया गया। रथ में किसी प्रकार की कोई दिक्कत तो नहीं है, यह देखने के लिए रथ को बाहर निकाला गया था। इस दौरान मंदिर परिसर में रोजाना ढोल की प्रैक्टिस कर रहे युवाओं की टीम भी रथ के साथ चली। प्रभात फेरी में भी यह टीम रथ के साथ चलेगी। रोजाना यहां सैकड़ों युवा शाम के समय प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रैक्टिस के दौरान युवाओं की टीम के साथ ही भक्त मंडल के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस आयोजन को लेकर मंदिर परिसर और रोड पर आकर्षक लाइटिंग, वंदनवार के साथ ही सुंदर सजावट की गई है।

## लिट-चौक: चौथा सीजन आज से, बौद्धिक मंच पर दिग्गज हस्तियों से मिलने का मौका

**इंदौर।** इंदौर में Lit-चौक का चौथा सीजन कल से आयोजित किया जाएगा। देश के पहले सोशियो-कल्चरल फेस्टिवल के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। Lit-चौक सीईओ धरा पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का चौथा सीजन 20, 21 और 22 दिसंबर को गांधी हॉल में आयोजित किया जा रहा है। धरा पाण्डेय ने बताया कि इसमें खेल, पत्रकारिता, सेना, राजनीति और सिनेमा जगत की प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, अभिनेता सौरभ शुक्ला, विनय पाठक, गीतकार स्वानंद किरकिरे, आध्यात्मिक गुरु इंद्रेश उपाध्याय, ब्रिगेडियर सौरभ सिंह शेखावत, वरिष्ठ पत्रकार सुमित अवस्थी, लेखक यतींद्र मिश्र, भारत की पहली महिला पैरा ओलंपिक पदक विजेता डॉ. दीपा मलिक, कॉमेडियन रवि गुप्ता, आदित्य कुलश्रेष्ठ सहित 50+ मशहूर नाम इस मंच पर जनता से रूबरू होंगे।

**जनता के लिए क्या है खास–** यहां सिर्फ मशहूर लोगों के लिए नहीं बल्कि जनता के लिए भी मंच है। 'परफॉर्मर्स-चौक' वो मंच होगा जहां लोग अपनी प्रतिभा पूरे शहर के सामने रख सकेंगे। प्रतिभागी यहां नृत्य, संगीत, नाटक, कविता और कहानियों की प्रस्तुति एकल या ग्रुप में देंगे। इन तीन दिनों में इसमें 300+ प्रस्तुतियां होंगी। इसके साथ सर्द शामों में इंदौरी जायका और किताबों की सोहबत भी होगी।

### इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई

# अनुमानित 500 से 600 करोड़ रूपये मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में आज जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अनुमानित 500 से 600 करोड़ रूपये मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई।**

एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि आज ग्राम लसूडियामोरी की भूमि सर्वे नम्बर 230, 265 रकबा 12.371 है. भूमि जिसकी कीमत लगभग 500 से 600 करोड़



रूपये है अतिक्रमण मुक्त कराई गई। मंदिर की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकर्ता राम प्रसाद, मेहरवान सिंह, नारायण सिंह से कब्जा प्राप्त करने में अनुविभागीय या दण्डाधिकारी श्री धनगर के मार्गदर्शन में अपर तहसीलदार श्री कमलेश कुशवाह, नायब तहसीलदार श्री शिवशंकर जारोलिया व राजस्व निरीक्षक सर्वश्री जयनारायण गुप्ता, मनीष चतुर्वेदी, मनोज, शुक्ला,अन्य पटवारी एवं पुलिस प्रशासन और नगर निगम का बल उपस्थित हुआ। श्री मुरली मनोहर मंदिर प्रबंधक कलेक्टर इन्दौर की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई।

उक्त भूमि के संबंध में व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड इन्दौर के सिविल वाद क्रमांक 5000037ए/2002 आदेश दिनांक 31/01/2024 को व्यवहार न्यायालय के द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं का प्रस्तुतवाद खारिज करते हुए श्री मुरली मनोहर मंदिर की भूमि स्वीकार की है।

# महिला ने अपने दोस्तों से कराया बेटे का यौन शोषण, इसका वीडियो बनाया

## मां को गलत हरकत करते हुए देख लिया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 15 साल के नाबालिग का उसकी ही मां ने अपने दोस्तों से यौन शोषण करवाया। इसका वीडियो बनाया। दरअसल, नाबालिग बेटे ने महिला को उसके दोस्त के साथ गलत हरकत करते हुए देख लिया था। वीडियो बनाकर आरोपियों ने उसे किसी को भी कुछ नहीं बताने के लिए धमकाया था।**



गुरुवार को बच्चे ने पिता के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी कहानी बताई। पुलिस ने बच्चे की मां, दो मामा समेत शाहिद, साहिल, जाहिद और अन्य लोगों पर पॉक्सो, मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है।

नाबालिग ने पुलिस को बताया कि वह 10वीं का स्टूडेंट है। आरोपी डेढ़ साल से उसके साथ गलत हरकत कर रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने मई 2023 में उसके साथ गलत हरकत की। तब पिता काम पर गए थे। बहन स्कूल में थी। वह नीचे मां के कमरे में गया, तो वहां पर शाहिद मां के साथ गलत हरकत कर रहा था। उसे आते देख मां जोर से चिल्लाई।

शाहिद का दोस्त साहिल कमरे के बाहर बैठा हुआ था। वह भी कमरे में आ गया। कहा कि गेट बजाकर अंदर आना चाहिए और पीटने लगा। कुछ देर बाद शाहिद भी आ गया। दोनों ने लात-घूंसों से पीटा। बोले कि पिता को कुछ बताया, तो तुझे, पिता और बहन को जान से खत्म कर देंगे।

पीड़ित ने पुलिस को बताया, 'मामा से बात करने के बाद मां ने शाहिद और साहिल को बुलाया। दोनों ने घर आकर मेरे साथ गंदी हरकत की। इसका वीडियो मां ने बनाया। इसके बाद मां, शाहिद और साहिल ने मुझे धमकी दी कि अगर शाहिद और मां की हरकत के बारे में पिता या किसी को बताया, तो ये वीडियो वायरल कर देंगे।

दोनों अगले महीने फिर से घर पर आए और मेरे साथ गलत हरकत की। मां ने मुझे कहा कि ये सब चलता है, इसलिए किसी को कुछ बताना मत। इसके बाद वे दिसंबर तक मेरे साथ गलत हरकत करते रहे। वे हर बार मुझे, पिता और बहन को मारने की धमकी देते थे। इसलिए मैं बर्दाश्त करता रहा।'

नाबालिग ने पुलिस को बताया, 'पिछले साल दिसंबर में मेरे छोटे मामा इंदौर आए। वे मुझे अपने साथ उत्तरप्रदेश ले गए। वहां उन्होंने भी मेरे साथ गलत हरकत की। तब मेरी नानी ने मुझे बचाया। कुछ दिन बाद मैं वहां से भागकर फिर इंदौर आ गया। वहां से इंदौर आने के बाद शाहिद और साहिल लगातार मेरे साथ गलत हरकत करने लगे। कुछ दिन पहले मैंने पिता को पूरा घटनाक्रम बताया। तब वे मुझे लेकर खजराना थाने पहुंचे।'

# कांग्रेसियों ने अमित शाह का पुतला जलाने की कोशिश की

### इंदौर में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय घेरा, अज्ञात पर FIR



**इंदौर।** इंदौर शहर युवा कांग्रेस की ओर से बाबा साहब के अपमान के साथ भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय पर किए गए कथित हमले के विरोध में गुरुवार देर रात वीर सावरकर की मूर्ति के सामने जंजीर वाला चौराहे पर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन करने की कोशिश की। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता अमित शाह का पुतला जला पाते उससे पहले ही पुलिस ने उनसे छीन लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस से हल्की झूमाझटकी भी की। इस पुतला दहन कार्यक्रम में स्वप्निल कांबले, सरफराज अंसारी, रितेश नायक और रोहित जनवाल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

इधर, गुरुवार शाम को इंदौर में भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन का घेराव कर दिया। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर पर काला ऑयल फेंका। पत्थर भी फेंके। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हो गई। निलंबित चल रहे कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा का कहना है कि बीजेपी युवा मोर्चा ने कार्यालय आकर पत्थर फेंके, पेट्रोल बम फेंका और जूते- चप्पल फेंके। जिला प्रशासन से आग्रह और चेतावनी दोनों हैं कि अगर यह नई परिपाटी शुरू होगी, तो इसका इस्तेमाल आगे से हम भी करेंगे।

कांग्रेस कार्यालय पर प्रदर्शन के विरोध में कांग्रेस के नेता गुरुवार रात पंढरीनाथ थाने पहुंचे। इनमें पूर्व विधायक अश्विन जोशी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव सहित अन्य नेता शामिल थे। जोशी ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कार्यालय पर हमला किया गया। पुलिस को एफआईआर दर्ज करना चाहिए। इस पर पुलिस अफसरों ने कहा कि आप लिखित में दे दीजिए। पूर्व विधायक जोशी ने कहा कि, जब पुलिस वहां मौजूद थी, तो हम लिखकर क्यों दें। इस मामले में पुलिस को आगे बढ़कर कार्रवाई करना चाहिए। जिसके बाद अज्ञात के नाम से पंढरीनाथ थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

संसद में गुरुवार सुबह I.N.D.I.A. गठबंधन बाबा साहब अंबेडकर पर दिए अमित शाह के बयान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। इसी दौरान भाजपा और विपक्षी सांसद आमने-सामने आ गए। इस घटना के बाद ही धक्का-मुक्की शुरू हुई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी ने सुबह आरोप लगाया था कि राहुल ने उनके साथ धक्का-मुक्की की, जिससे उनके सिर में चोट आई।

# अरशद ने हरीश बनकर किया रेप

## भाई ने भी चाकू की नोंक पर किया दुष्कर्म, 6 पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के चंदन नगर में एक 24 साल की युवती के साथ रेप, अन नेचुरल सेक्स, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन महिलाओं सहित 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपी ने हरीश बनकर युवती से दोस्ती की। युवती से रेप के बाद शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बनाया और मारपीट की।**

चंदन नगर पुलिस ने इलाके में रहने वाली युवती की शिकायत पर हरीश ठाकुर उर्फ अरशद पठान और उसके भाई साबिर पर रेप व धर्म परिवर्तन के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपियों के पिता कादिर और परिवार की तीन महिलाओं को धमकाने और मारपीट के मामले में आरोपी बनाया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी मां के साथ फेरी लगाकर सामान बेचती है। आरोपी हरीश उर्फ अरशद ऑटो ड्राइवर है। करीब 6 माह पहले ऑटो रिक्शा से जाने के दौरान उससे संपर्क हुआ था। तब उसने अपना नाम हरीश बताया। इसके बाद वह रोज लाने ले जाने का काम करने लगा। उसने बताया कि वह अनाथ है। एक दिन हरीश ने मां से कहा कि



आपकी बेटी मुझे पसंद है। उससे शादी करना चाहता हूं। परिवार ने हां की तो आरोपी अगस्त में घर पर मिलने आया। तब उसने रेप किया।

हरीश गणेश विसर्जन और माता दर्शन के लिए उसके साथ धार्मिक स्थानों पर भी गया। इस दौरान कही भी उसने दूसरे धर्म का होने की शंका नहीं होने दी। एक दिन उससे शादी की बात कही तो उसने कहा कि वह धर्म बदल ले। उसे लगा कि वह मजाक कर रहा है। लेकिन उसने बताया कि वह हरीश नहीं है। उससे शादी नहीं निकाह करना पड़ेगा। हमारे इमाम साहब जो कहते हैं, हमें वह करना पड़ता है। इसके बाद हरीश चला गया।

हरीश उर्फ अरशद ने पीड़िता से कहा कि वह बड़ी शादी नहीं कर सकता। उसने छोटा-मोटा प्रोग्राम करने की बात कही। उसने कहा कि उसके पास रुपए नहीं हैं। कुछ दिन बाद वह अन नेचुरल सबंध बनाने की जिद करने लगा। इनकार किया तो मारपीट की। कहा कि तुमसे शादी करने वाला हूं। यह सब सहन करना होगा।

घर पहुंची तो भाई ने किया रेप, परिवार ने की मारपीट

पीड़िता ने बताया कि वह पूरे मामले की हकीकत पता करने के लिए 9 दिसंबर को हरीश उर्फ अरशद पठान के घर पहुंची। यहां उसके पिता कादिर मिले। बाद में अंदर अरशद और उसका भाई साबिर था। वह देखकर चौंक गया। इसके बाद उसने दोहराया की उसकी बात मान ले वह शादी कर लेगा। यहां विवाद हुआ। साबिर ने कहा कि अरशद नहीं रखना चाहता तो उसके साथ रह ले। उसने साबिर को धक्का दिया तो वह अंदर हाथ पकड़कर ले गया। यहां पर चाकू दिखाकर गला काटने की धमकी देकर रेप किया। कहा कि यह बात किसी को बताई तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद घर जाकर मां को पूरी बात बताई। डर के चलते कुछ दिन तक घर से नहीं निकले। इसके बाद हिंदूवादियों से संपर्क कर थाने पहुंचे और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।

# शटर उचकाकर बदमाशों ने की वारदात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तिलक नगर में बदमाशों ने लाखों की चांदी चोरी कर ली। बदमाश यहां शटर तोड़कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पड़ोस की होटल पर काम करने वाले एक लड़के ने मामले में दुकान मालिक को जानकारी दी। पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। अफसरों के मुताबिक जहां चोरी हुई। वहां दुकान पर कैमरे नहीं लगे हुए थे।



तिलक नगर पुलिस ने सुनील कुमार जैन, निवासी सुख शांति नगर की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सुनील की विद्यासागर ज्वेलर्स के नाम से शॉप है। यहां उन्हें सुबह पड़ोसी की होटल पर काम करने वाले एक युवक ने बताया कि उनके दुकान का शटर टूटा हुआ है। इसके बाद वह मौके पर पहुंचे और सामान चेक किया तो अंदर से चांदी और अन्य गिफ्ट आइटम गायब मिले। सुनील ने पुलिस को बताया कि बदमाश उनकी दुकान में रखी चांदी की 90 लेडीज अंगूठी, 95 जेंट्स अंगूठी, पूजा के 8 कलश, चांदी के चंवर, नारियल, चांदी के हाथ-पैर, चांदी के पूजन सामग्री के गैती-फावड़े सहित 40 हजार रूपए नकदी चुराकर ले गए।

## सोयाबीन से भरा ट्रक चोरी

**इंदौर।** गांधी नगर में लाखों की सोयाबीन से भरा ट्रक चोरी हो गया। पुलिस को ट्रक के बारे में जानकारी मिल गई है। पुलिस की एक टीम गाड़ी की तलाश में गई है। बताया जाता है कि ड्राइवर के नशे में होने के चलते चोर ट्रक को चुराकर ले गए। पुलिस ने ड्राइवर मनोहर की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज किया है। मनोहर ने बताया कि वह मंगलवार को हातोद से सोयाबीन की 220 बोरी लेकर संयोगितागंज अनाज मंडी के यहां से निकला। सुपर कॉरिडोर पर नो इंट्री होने के चलते ट्रक नंबर MP09HG1364 दिलीप नगर की शराब दुकान के पास खड़ा कर शराब पीने गया। वापस आने पर ट्रक मनोहर को जगह पर नही मिला। बाद में उसने मालिक पूरन को जानकारी दी। पुलिस टीम ने फुटेज के आधार पर ट्रक की जानकारी निकाली है।

# पीसीसी चीफ बोले-आठ साल में स्कूलों से 22 लाख बच्चे गायब

◆ मोहन सरकार मौन, प्रदेश के बच्चों का भविष्य चौपट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपने एक बयान में कहा है कि प्रदेश की कानून और शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त और चरमराई हुई है। स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में चिंताजनक गिरावट दर्ज की गई है। मध्यप्रदेश की स्कूली शिक्षा के हालात इतने बदतर है कि पिछले आठ साल से स्कूलों से 22 लाख बच्चे गायब हैं, स्कूलों से रोज 1000 बच्चें कम हो रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में स्कूलों से बच्चों के गायब होने और कम होने के बावजूद भी स्कूल शिक्षा विभाग स्कूलों पर कोई उचित और दिखाई देने वाली सख्त कार्यवाही क्यों नहीं करती? दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि प्रदेश की मोहन सरकार भी बच्चों के गायब होने की इन अमानवीयता पर मूकदर्शक बनी मौन बैठी है।

पटवारी ने प्रदेश में सरकारी शिक्षकों द्वारा बच्चों को स्कूल लाने वाले सरकारी मिशन पर सवाल उठाते हुये कहा कि जिस तरह से यह मिशन चलाया जा रहा है वह केवल कागजी ढकोसला बना हुआ है। स्कूल शिक्षा की अव्यवस्थाओं और लापरवाही के चलते कक्षा एक से पांच तक के 6 लाख 35 हजार 434 बच्चे कम हुए हैं तो कक्षा 6 से 8 तक के 4 लाख 83 हजार 171 बच्चे कम हुए हैं। इतना ही नहीं पिछले आठ साल में सरकारी स्कूलों में 12.23 लाख और निजी स्कूलों में 9.29 लाख बच्चे कम हुये हैं। पटवारी ने कहा कि यह



जानकारी स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल ने एक सवाल के जवाब में विधानसभा की कार्यवाही के दौरान दी है।

पटवारी ने कहा कि निजी स्कूलों में 2011 की कुल संख्या के आधार पर लगभग 20 प्रतिशत एवं सरकारी स्कूलों में 12 प्रतिशत की गिरावट आई है। जबकि बच्चों की जनसंख्या में 12 प्रतिशत (12 लाख) की वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि सरकारी स्कूलों में लालफीताशाही और मूलभूत सुविधाओं की कमी और निजी स्कूलों में सरकार के संरक्षण में व्यापारीकरण और लूट-खसोट मची हुई है।

पटवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में आबादी बढ़ी, फिर भी गिरावट क्यों? मप्र में 2011 से 2023 के बीच जनसंख्या में 1 करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई, लेकिन स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या घटती रही?

स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा दिये गये बचकाने बयान के तहत यह कहा जा रहा है कि जो बच्चे कम हुए हैं, उसकी वजह पढ़ाई छोड़ना है। इसके अलावा प्राइमरी यानी पहली से पांचवी कक्षा तक जो 6 लाख बच्चे कम हुए हैं, उसकी वजह 0 से 6 साल के बच्चों की कमी होना है। इसलिए स्कूलों में बच्चे कम हो रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि स्कूलों की दुर्दशा और शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट के चलते बच्चों का स्कूल से मोह भंग हो रहा है। कहीं-कहीं स्कूलों का आलम यह है कि शिक्षक सोते हुये मिले हैं।

### बच्चों की तस्करी करने वालों के हौसले बुलंद

पटवारी ने कहा कि 2010-11 में सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक 105.29 लाख नामांकन थे, जो 2022-23 में घटकर 65.48 लाख रह गए और सरकारी और निजी स्कूलों में 2010-11 में कुल नामांकन 154.23 लाख था, जो 2022-23 में घटकर 108.01 लाख रह गया इस शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही दुर्भाग्यजनक स्थिति है। इतना ही नहीं बच्चों के गायब होने से बच्चों की तस्करी करने वालों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं। जो बच्चे 48 घंटे से अधिक समय तक गायब रहते हैं वे बच्चें गायब ही हो जाते हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह लचर और मूकदर्शक बनी हुई है। मोहन सरकार बच्चों की शिक्षा में सुधार लाने के लिए उचित कदम उठाएं।

## महाकाल के गर्भगृह में पहुंचे तेलुगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता

### सोशल मीडिया पर अपलोड की फोटो





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** तेलुगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और स्वच्छ आंध्र कॉरपोरेशन के अध्यक्ष कोम्मारेड्डी पट्टाभी राम वैसे तो देश के सबसे स्वच्छ इंदौर शहर की सफाई व्यवस्था को देखने प्रबंध निदेशक अनिल कुमार रेड्डी, राज्य प्रदूषण निवारण बोर्ड अध्यक्ष कृष्णैया और निगम के कर्मचारियो के साथ इंदौर का दौरा करने आए थे। जहां पर लगभग दो दिनों तक बायोगैस प्लांट, एमआरएफ सामग्री वसूली सुविधा, इंटीग्रेटेड कमान नियंत्रण केंद्र और अन्य प्रणालियों का जो रोजाना गीले कचरे से उत्पादन क्षेत्र को देखा। हालांकि इंदौर शहर में यह सब देखने के बाद जब वह धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे तो यहां उन्होंने महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन अर्चन व अभिषेक तो किया ही वहीं इसके फोटो को सोशल मीडिया पर भी अपलोड भी कर दिया। महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर इन वीआईपी श्रद्धालुओं द्वारा पूजन अर्चन किए जाने के फोटो अपलोड होते ही बवाल मच गया। एक ओर कोम्मारेड्डी पट्टाभी राम से जहां लोगों ने गर्भगृह में पहुंचने पर कई प्रकार के सवाल कर डाले तो वहीं महाकालेश्वर मंदिर के जिम्मेदार अधिकारी इस पूरे मामले में चुप्पी साधकर बैठ गए। कोई भी यह बताने को तैयार नहीं हुआ कि आखिर यह गलती हुई है या फिर कोम्मारेड्डी पट्टाभी राम और उनके साथ आए लोगों को जानबूझकर गर्भगृह में पहुंचाया गया था। महाकालेश्वर मंदिर के गर्भग्रह में तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और उनके साथ आए लोगों के पहुंच जाने पर जब श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह से बात की गई तो उनका कहना था कि यह मामला मेरी नजर में भी आया है, मैं इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने के लिए मंदिर समिति से रिपोर्ट मांगी है।

## कलेक्टर ने नंदी हॉल से दर्शन करवाने के नाम पर पकड़ी थी गड़बड़ी अवैध वसूली करने पर 6 निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज सुबह दर्शन करने पहुंचे श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह जब नंदी हॉल में बाबा महाकाल के दर्शन कर रहे थे, तब उन्हें क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ नंदी हॉल में दिखाई दी।

कलेक्टर ने जब इन श्रद्धालुओं से बात की तो वह खुद ही कुछ देर के लिए आश्चर्यचकित रह गए, क्योंकि श्रद्धालुओं ने उन्हें बताया कि पुरोहित प्रतिनिधि व उनके सहयोगी प्रति व्यक्ति 1100 की राशि लेकर उन्हें नंदी हॉल में लाए हैं। जहां पर वे सभी श्रद्धालुओं से बाबा महाकाल को जल भी अर्पित करवाएंगे। कलेक्टर ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने तत्काल सभी श्रद्धालुओं के साथ ही पुरोहित प्रतिनिधि व सहायक को महाकाल थाने पहुंचा दिया। इस मामले में महाकाल थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं से अवैध वसूली करने पर मंदिर के एक पुरोहित समेत 6 लोग निलंबित किया है। पूरे मामले की जानकारी देते हुए एडीएम अनुकूल जैन ने बताया कि आज सुबह कलेक्टर नीरज कुमार सिंह बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे थे। उसी समय श्रद्धालुओं को अनाधिकृत रूप से दर्शन करवाने का यह मामला सामने आया था। कलेक्टर के निर्देश पर इस मामले में श्रद्धालुओं के बयान लिए गए। पूरे मामले की जांच के बाद पुलिस इस मामले में पुरोहित अजय शर्मा, पुरोहित प्रतिनिधि राजेश भट्ट, नंदी मंडपम के सुरक्षाकर्मी विकास, संदीप, करण और कन्हैया पर निलंबित की कार्रवाई की है। बताया जाता है कि भक्तों के बयान के बाद महाकाल थाने में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### मप्र में डॉक्टर्स की बड़ी लापरवाही

# मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद भिंड के 8 मरीजों की आंख की रोशनी गायब, सभी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** एक डॉक्टर की लापरवाही की वजह से भिंड जिले के 8 मरीजों की आंखों की रोशनी मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद चली गई। इन सभी मरीजों का ऑपरेशन ग्वालियर के कालरा अस्पताल में किया गया था। जब यह मरीज अपने घर पहुंचे तो उनको आंखों से दिखाई देना बंद हो गया। इस गंभीर लापरवाही के बाद डॉक्टर और अस्पताल का स्टाफ गायब है। रातों ही रात अस्पताल में सभी मरीजों को कहीं दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया है।

दरअसल, भिंड जिले के गोरमी के कृपे का पुरा गांव में बिना अनुमति आयोजित नेत्र शिविर में आयोजकों ने जांच में ग्रामीणों को पहले मोतियाबिंद




बताया। फिर उसी दिन ग्वालियर के कालरा हॉस्पिटल में लाकर 8 बुजुर्गों का ऑपरेशन कर दिया। गांव लौटने के बाद जब ग्रामीणों ने आंखें खोली तो उन्हें दिखना ही बंद हो गया।

कालरा अस्पताल की ओर से फ्री आई कैंप का आयोजन हुआ था, इसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रोहित कालरा और उनकी टीम ने 50 मरीजों की आंखों की जांच की। आठ मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए ग्वालियर बुलाया गया था। अस्पताल में सन्नाटा पसरा हुआ है, सिर्फ वहां काम करने वाली बाई मौजूद है। ऑपरेशन थिएटर से लेकर डॉक्टर की ओटी और सभी चैंबर खाली पड़े हैं।

घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम कालरा अस्पताल में पहुंची है और पूरे मामले की जांच कर रही है। कालरा अस्पताल में इस पूरी घटना की जांच करने पहुंचे जिला अस्पताल के सीनियर डॉक्टर जी एस गुर्जर ने बताया कि यहां ऑपरेशन और ओटी को पूरी तरह सील कर दिया है, साथ ही जांच की जा रही है। यह एक बड़ी गंभीर लापरवाही है और इसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डॉक्टर की गंभीर लापरवाही और आंखों की रोशनी जाने के बाद मरीज और उनके परिजन गोरमी थाने पहुंचे और कालरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# कांग्रेस विधायक नहीं लेंगे सैलरी

### विकास कार्यों के लिए पैसे नही मिलने पर विधान सभा में जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन कांग्रेस विधायकों को विकास कार्यों के लिए पैसे नही मिलने पर नाराजगी देखी गई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने तय किया कि वो अपना वेतन नहीं लेंगे इसके बदले उन्हें उनके क्षेत्रों में विकास के लिए बिना भेदभाव के निधि दी जाए।**

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि अध्यक्ष के माध्यम से अनुरोध किया है कि कांग्रेस विधायकों की तनख्वाह से कांग्रेस विधायकों के क्षेत्र में विकास कार्य



कराए जाएं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा की भाजपा के विधायकों को तो पैसा दिया जा रहा है, क्या कांग्रेस विधायकों के क्षेत्रों में जनता नहीं रहती ? उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि क्षेत्र में सड़क बने, तालाब बने, स्कूल बनें और अन्य विकास के कार्य हों, लेकिन इसके लिए सरकार पैसा नहीं दे रही है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कहा कि हम सभी सरकार को अपना वेतन दे रहे हैं और सरकार से मांग करते हैं कि सभी जनप्रतिनिधियों को एक समान नज़र से देखें।

## संपादकीय

### वर्शिप एक्ट पर उठते सवाल

क्या आपको पता है कि प्रथम मुस्लिम आक्रांता मुहम्मद बिन कासिम ने 712 ई में भारत के सिंध प्रांत पर आक्रमण किया और काफी उत्पात मचाया। उसके बाद उसके अनुयायी यानी मुस्लिम आक्रमणकारी अपनी सुविधा के अनुसार भारत पर आक्रमण करते हुए आए, यहां के समृद्ध मंदिरों व बाजारों सहित प्रमुख जगहों पर लूटपाट मचाई और अपने भरोसेमंद लोगों के हाथों में यहां की सत्ता सौंप कर फिर वापस चले गए। जबकि बाद के इस्लामिक आक्रमणकारियों ने तो यही अपना डेरा जमा लिया और हमारी संस्कृति को तहस-नहस करने पर आमादा दिखे। 500 वर्षों के बाद 12वीं सदी तक भारत पूर्ण रुप से मुस्लिम राजाओं का गुलाम बन गया। उसके बाद तो यहां धार्मिक उत्पीड़न और धर्मांतरण का खुला खेल फरुखाबादी चलने लगा। काल प्रवाह वश विभिन्न हिन्दू मंदिर को तोड़कर मस्जिदों में बदल दिया गया। ऐसे में मुस्लिम और ब्रिटिश गुलामी से मुक्त हुए भारत और अपने हिस्से का भूखंड लेकर पाकिस्तान चले गए मुसलमानों से इतर सन 1947 में भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाता और अतिक्रमित मंदिरों के जीर्णोद्धार का अभियान चलाया जाता। लेकिन हुआ इसके बिल्कुल उल्टा! कारण नेहरु और इंदिरा सरकार की गलत और अप्रासंगिक नीतियां, जो बाद में उनके उत्तराधिकारियों ने भी जारी रखी। वह यह कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति वश कांग्रेस ने देश को धर्मनिरपेक्ष घोषित कर दिया और अल्पसंख्यक हितों को संरक्षित करने वाली कानून बनाने लगी। इससे ज्यादातर हिन्दू ठगे रह गए। उसके साथ ही सांप्रदायिक दंगे आसेतु हिमालय की नियति बन गई। सन 1947, इससे पहले और बाद के सांप्रदायिक दगों का चरित्र एक रहा और प्रशासनिक नीतियों का असमंजस भी। इसी ऊहापोह के बीच हिंदुओं में उपजी मंदिरों के वापसी की आकांक्षाओं ने उन्हें एकजूट कर दिया, जिसको कुचलने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्लेसेज ऑफ वर्शिप (स्पेशल प्रोविजन) एक्ट, 1991 या उपासना स्?थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 को लागू किया गया। बता दें कि यह भारत की संसद का एक अधिनियम है, जिसको 18 सितंबर, 1991 को पारित किया गया। यह अधिनियम 15 अगस्त 1947 तक अस्तित्व में आए हुए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को एक आस्था से दूसरे धर्म में परिवर्तित करने पर और किसी भी स्मारक के धार्मिक आधार पर रखरखाव पर रोक लगाता है। इससे लगभग 1800 उन हिन्दू मंदिरों के जीर्णोद्धार का सवाल दम तोड़ गया, जिसकी कब्र पर आज मस्जिदें लहलहा रही हैं। वहीं, मान्यता प्राप्त प्राचीन स्मारकों पर उक्त कानून की धाराएं लागू नहीं होंगी। लिहाजा, अब इसी कट ऑफ डेट पर सवाल उठ रहा है। हिंदुओं का सवाल यह कि कट ऑफ डेट 15 अगस्त 1947 ही क्यों? प्रथम मुस्लिम आक्रांता से जुड़ा वर्ष 712 ईस्वी क्यों नहीं? या फिर लगभग 1200 ई क्यों नहीं, जब दिल्ली सल्तनत अपनी पूरी हिन्दू विरोधी फितरत में दिखाई पड़ती थी? क्या सनातन भूमि को 'इस्लामिक भूमि' में तब्दील करने में हमारी संसद भी सिर्फ इसलिए दिलचस्पी लेने लगी, ताकि नेहरु-गांधी परिवार विशेष को खुश रखा जा सके।वहीं, सत्ता की गरज से आरएसएस भी वही भाषा बोल रहा है और कह रहा है कि सभी मस्जिदों में शिवलिंग खोजना गलत है। इससे बीजेपी को सियासी सहूलियत मिल रही है।लेकिन मूल मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। यदि आप कुछ पुस्तक और वेबसाइट पर नजर डालेंगे तो हिन्दू मंदिरों की अकाल मौत पर तथ्यात्मक विवरण उपलब्ध है।

## महिला जगत

Year Ender 2024

# देश की इन 5 बेटियों की कामयाबी का विश्व में बजा डंका, इस वर्ष रचा इतिहास

वर्ष 2024 भारत के लिए गौरवपूर्ण साल रहा। इस साल भारत ने टी-20 क्रिकेट विश्व कप भी मिला और दूसरी तरफ ओलंपिक गेम्स में देश के नौजवानों ने मेडल जीते। इस वर्ष देश की बेटियों ने वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन किया। अपनी उपलब्धियों से न केवल सुर्खियों में रहीं बल्कि दुनिया भर में अपना नाम कमाया। आइए जानते हैं साल 2024 में देश का नाम रोशन करने वाली और इतिहास रचने वाली भारतीय बेटियों के बारे में,जिन्होंने अपनी उपलब्धि से दुनिया में कामयाबी हासिल की।

### नैंसी त्यागी

उत्तर प्रदेश के बागपत-बड़ौत जिले की रहने वाली नैंसी त्यागी फैशन इन्फ्लूएंसर हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में नैंसी ने डेब्यू किया और दुनियाभर में अपने डिजाइन की गई आउटफिट से तहलका मचा दिया। वह रेड कार्पेट पर अपने हाथ की बनाई ड्रेस पहनकर तारीफ बटोरी। इस वर्ष उनका नाम फोर्ब्स इंडिया टॉप 100 डिजिटल स्टार्स 2024 की लिस्ट में भी आया। नैंसी को कई सेलेब्स ने भी अपनी ड्रेस डिजाइन करने का मौका दिया।




### मनु भाकर




इस साल हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स 2024 में भारत के बेटे-बेटियों ने खूब मेडल झटके। ओलंपिक में एक ही एडिशन में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने का श्रेय मनु भाकर को जाता है। मनु भाकर ने 22 वर्ष की आयु में 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। 25 मीटर एयर पिस्टल गेम में मनु भाकर ने साथी सरबजोत सिंह के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इस ऐतिहासिक जीत के साथ मनु भाकर ने देश का नाम रोशन किया।

### मोहना सिंह



एयरफोर्स के तेजस लड़ाकू विमान को उड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनकर स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह ने इतिहास रच दिया। मोहना सिंह को गुजरात के नलिया में नंबर 18 फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन का जिम्मा सौंपा गया। मोहना सिंह जोधपुर में तरंग शक्ति अभ्यास का हिस्सा रहीं, जहां तीनों सेनाओं के तीन उप प्रमुखों के साथ ऐतिहासिक उड़ान का अनुभव लिया।

### अवनी लेखरा



भारतीय राइफल शूटर अवनी लेखरा ने पैरालंपिक गेम्स 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। अवनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में दो मेडल जीते। अवनी ने एक ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया । अवनी पहली पैरालंपिक महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ही इवेंट में दो मेडल जीते।

### साधना सक्सेना



2024 में चिकित्सा सेवा महानिदेशक के पद पर पहली महिला की नियुक्ति हुई। लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर पहली महिला चिकित्सा सेवा महानिदेशक बनीं। जनरल अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) के डायरेक्टर के रूप में सेवा देने वाली पहली महिला रहीं और वेस्टर्न एयर कमांड प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर बनने वाली भी पहली महिला रहीं। साधना सक्सेना को राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

## New Delhi

# मकान मालिक की हुई मौत तो 1.85 करोड़ में बेच दिया घर, 70 साल की महिला समेत 3 अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के द्वारका में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां एक रिटायर्ड अधिकारी की मौत के बाद जालसाजों ने उसके फ्लैट के फर्जी कागजात बनवाए और उसे एक करोड़ 85 लाख रुपये में बेच दिया. इस मामले में पुलिस ने 70 वर्षीय एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है.

जानकारी के मुताबिक, द्वारका के सेक्टर-6 की एक हाईराइज सोसायटी में 80 साल के एक रिटायर्ड सरकारी अधिकारी रहते थे, जिनकी पिछले साल मौत हो गई थी. उनकी पत्नी की मौत भी 2019 में हो चुकी है, चूंकि दंपति की कोई संतान नहीं थी. इसलिए फ्लैट खाली पड़ा हुआ था. जमीन हड़पने वालों ने इसका फायदा



उठाया और फ्लैट के फर्जी कागजात तैयार करके कब्जा कर लिया. उन्होंने फर्जी डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करके संपत्ति को सनी यादव नाम के एक खरीदार को एक करोड़ 85 लाख में बेच दिया.

ये मामला तब सामने आया जब इस साल अक्टूबर महीने में एक व्यक्ति ने द्वारका साउथ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि कुछ अज्ञात लोगों ने संपत्ति हड़पने के लिए जाली दस्तावेज बनवाकर उसके बहनोई के सेक्टर-6 स्थित अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर मौजूद फ्लैट पर कब्जा कर लिया है.

पुलिस ने बताया कि सरबजीत नाम के आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका साथी पवनदीप सिंह उर्फ प्रिंस (43) राजौरी गार्डन का रहने वाला है. वो पेशे से प्रॉपर्टी डीलर और इस मामले का मास्टरमाइंड भी है.

## Rajasthan

# 300 मीटर दूर तक जो जहां था वहीं जल गया, 10KM तक दहल उठा; जयपुर में कैसे इतना भीषण हादसा



**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान की राजधानी जयपुर में शुक्रवार सुबह बहुत भयानक हादसा हो गया। अजमेर रोड पर भांकरोटा में एक गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर के बाद तीन दर्जन से अधिक गाड़ियों में आग लग गई। हादसे में कई लोग जिंदा गए तो कई बुरी तरह झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें कई की हालत बेहद गंभीर है। हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। भांकरोटा में पुष्पाराज पेट्रोल पंप के पास एक एलपीजी भरे टैंकर में ट्राले ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे टैंकर की गैस लीक होने लगी और इसमें आग लगते हुए बड़ा धमाका हो गया। करीब 300 मीटर के दायरे में मौजूद सभी गाड़ियों को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है कि धमाका इतना जोरदार था कि करीब 10 किलोमीटर तक इसकी आवाज सुनी गई। आग की वजह से कई और गाड़ियों के भी फ्यूल टैंक में धमाका हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी दूर तक ऊंची उठती लपटें देखी गईं। गैस टैंकर में धमाके के बाद आग ने एक स्लीपर बस, कई कारों, ट्रकों और बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि पेट्रोल पंप के टैंक तक आग नहीं पहुंची। नहीं तो यह हादसा और भी ज्यादा भीषण हो सकता था। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर 30 से अधिक दमकल वाहनों को भेजा गया और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू हुईं।

## Bihar

# दम घुटने से बच्ची की मौत, तीन लोगों की हालत गंभीर; अलाव जलाकर घर में सो रहा था परिवार

**पटना, (एजेंसी)** घर में अलाव जलाकर सभी लोग सो रहे थे। इसी दौरान कमरे में काफी धुआं भर गया। देखते ही देखते चार लोगों का दम घुटने लगा। इसमें एक बच्ची की मौत हो गई।

पटना के गर्दनीबाग इलाके में अलाव से निकले हुए धुएं से दम घुटने से एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं तीन लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने सभी घायलों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए कराया भर्ती है। तीनों का इलाज चल रहा है।

बताया जा रहा है कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के जनता रोड स्थित पुराने मकान की है। गुरुवार रात परिवार के सदस्य घर में अलाव जला कर सो रहे थे। इसी दौरान घर में काफी धुआं भर गया। धुआं इतना भर गया कि देखते ही देखते चार लोगों का दम घुटने लगा। इसमें एक बच्ची की मौत हो गई।

## Maharashtra

# हिंदू लड़के ने मुस्लिम लड़की से रचाई शादी, HC पहुंचा मामला; सरकार भी हरकत में आई

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र में एक हिंदू लड़के ने मुस्लिम लड़की से शादी कर ली। इसके बाद यह मामला बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंच गया। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को आदेश दिया कि दोनों को राज्य द्वारा हाल ही में घोषित 'सेफ होम्स' में भेजने की व्यवस्था करे। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। आपको बता दें कि दूसरे धर्म में शादी करने वाले जोड़ों के लिए सेफ होम्स बनाए गए हैं।

23 साल के हिंदू लड़के ने मुस्लिम लड़की के साथ अपने संबंधों के लिए अपने परिवार से सुरक्षा की मांग की थी। दोनों मुंबई में मीरा-रोड के पास रहते हैं और उनके परिवारों ने उनके संबंधों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। दोनों को धमकी भी दी गई थी।

याचिका में कहा गया कि लड़के ने अपने परिवार को पुणे में रहने के दौरान अपने संबंधों के बारे में बताया, लेकिन परिवार ने हिंसक तरीके से इसका विरोध किया। उसे लड़की से संपर्क नहीं करने के लिए कहा गया। लड़की के परिवार ने भी इसी तरह प्रतिक्रिया दी। इसके बाद लड़की ने 15 दिसंबर को अपना घर छोड़ दिया। दोनों ने इसके बाद अपनी शादी के लिए विशेष विवाह अधिनियम के तहत आवेदन किया।

दोनों को उनके परिवारों की ओर से विरोध का सामना करना पड़ा। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट से 'सेफ होम्स' और पुलिस सुरक्षा की मांग की। गुरुवार को जब मामला सुनवाई के लिए आया तो वरिष्ठ अधिवक्ता मीहिर देसाई और अधिवक्ता लारा जेसानी ने अदालत को इस मामले की जानकारी दी।

## खेल

# रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता कोच कार्लो एंसेलोटी ने बनाया रिकॉर्ड

**लुसैल (कतर), (एजेंसी)** रियल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए।




रियल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे।

एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, 'मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन हमने अच्छा अंत किया।'

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।

आर्सेनल, लिवरपूल और न्यूकैसल इंग्लिश लीग कप के सेमीफाइनल में

आर्सेनल, न्यूकैसल और लिवरपूल ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीतकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेब्रियल जीसस की हैट्रिक की मदद से आर्सेनल ने क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से हराकर 2021-22 सत्र के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया।

लिवरपूल ने साउथेम्प्टन को 2-1 से पराजित करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। उसकी तरफ से पहले हाफ में डार्विन नुनेज और हार्वे इलियट ने गोल किए। न्यूकैसल ने इटली के मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के पहले हाफ के दो गोल की बदौलत ब्रेंटफोर्ड को 3-1 से हराया और तीन सत्र में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह 2023 में लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हार गया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच खेला जाएगा।

## सिनेमा

# अल्लू अर्जुन ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर भी लगाया अपने स्टारडम का ठप्पा, 15 दिन में सबसे बड़ी फिल्म बनी 'पुष्पा 2'




2021 में जब अल्लू अर्जुन की पहली पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 1: द राइज' थिएटर्स में रिलीज हुई, तो तेलुगू स्टार की फिल्म का क्रेज हिंदी में देखकर काफी लोग हैरान थे. हैरान होने वालों को शायद ये आईडिया नहीं था कि अर्जुन की तेलुगु फिल्मों की हिंदी डबिंग ने टीवी के जरिए उन्हें हिंदी ऑडियंस के बीच कितना पॉपुलर बना दिया है. मगर अब 'पुष्पा 2: द रूल' से अल्लू अर्जुन के स्टारडम का ठप्पा हिंदी मार्किट पर हमेशा के लिए लग गया है. पहले ही दिन से जनता को जबरदस्त एंटरटेन कर रही 'पुष्पा 2' अब हिंदी बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी फिल्म बन गई है. और अल्लू अर्जुन ये कमाल करने वाले दूसरे साउथ स्टार बन गए हैं. उनसे पहले प्रभास की 'बाहुबली 2' हिंदी में सबसे कमाऊ फिल्म बनी थी. पहले दिन से ही थिएटर्स में धमाका कर रही अल्लू अर्जुन की फिल्म ने शुरुआत में ही दिखा दिया था कि ये सच में एक बॉक्स ऑफिस वाइल्ड-फायर है. लेकिन फिल्म का क्रेज जनता में कितना सॉलिड है, ये पता चला दूसरे वीकेंड से. 'पुष्पा 2' ने वीकेंड (शुक्र-शनि-रवि) में 128 करोड़ का नेट कलेक्शन कर डाला, जो दूसरे वीकेंड में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड है. वर्किंग डे, सोमवार भी अर्जुन की फिल्म का कोई नुकसान नहीं कर सका और इसने 12वें दिन भी 20 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन किया.

Highlights

1. Who gave permit for speedboat's trial on busy maritime route?: Mumbai Police to Indian Navy
2. Tragic incident, we've issued helpline: Raj CM on Jaipur accident
3. Some think they can become leaders of Hindus by raking up mosque-temple disputes: Bhagwat
4. Delhi's air quality remains 'severe', AQI over 450 in some areas
5. Man who drugged, raped woman in Delhi caught in Surat after 1,500-km chase

# Mexico delivers fourth straight rate cut as inflation slows




**NEW DELHI, (Agency).** Mexico cut interest rates for a fourth straight meeting Thursday as inflation is slowing back to target and the economy is losing momentum.

Banxico, as the central bank is known, lowered borrowing costs by a quarter-point to 10% in an unanimous decision. The move was forecast by 21 of 29 economists surveyed by Bloomberg. The remaining eight predicted that the bank would accelerate the pace of easing with a half-point cut.

"The Board expects that the inflationary environment will allow further reference rate reductions," policymakers wrote in a statement accompanying their decision. "In view of the progress on disinflation, larger downward adjustments could be considered in some meetings, albeit maintaining a restrictive stance."

Governor Victoria Rodriquez and colleagues last month looked past a number of risks including a slight uptick in inflation and output to unanimously vote to continue easing. Less than a month later, signs of slowing growth abound while both headline inflation and core readings are decelerating, though incoming US President Donald Trump and a more cautious Federal Reserve cloud the outlook.

"Banxico decided for a quarter-point cut to maintain it's smooth implementation of the easing cycle, while there are still significant risks ahead, including the new US administration and a shallower easing by the US Fed," Alberto Ramos, chief Latin America economist at Goldman Sachs Group Inc., said by text before the decision.

Latin America's second-largest economy has the second-highest benchmark interest rate among the region's big economies as Banxico only began unwinding a record tightening campaign earlier this year, months behind peers in Brazil, Chile, Peru and Colombia.

# Stock market today: Sensex down by 518 points, Nifty at 23,813 in early trade

**NEW DELHI, (Agency).** Stock market today: Equity benchmark indices Sensex and Nifty continued their negative run in early trade for the fifth consecutive day on Friday.

At 10am, the 30-share BSE benchmark Sensex was down by 518 points to 78,699. The NSE Nifty dropped 138 points to 23,813.

In the past four days, the BSE benchmark slumped 2,915.07 points or 3.54 per cent.



Share market yesterday

Falling for the fourth day running on Thursday, the 30-share BSE benchmark Sensex tanked 964.15 points or 1.20 per cent to settle at 79,218.05. During the day, the blue-chip index cracked 1,162.12 points or 1.44 per cent to 79,020.08.

As many as 2,315 stocks declined while 1,680 advanced and 100 remained unchanged on the BSE. The NSE Nifty tumbled 247.15 points or 1.02 per cent to sink below the 24,000 mark at 23,951.70.

A market capital of between about ₹9.65 lakh crore (9,65,935.96 cr) to ₹4.49 lakh crore (4,49,76,402.63 cr) of BSE-listed firms have been eroded in the last four days, according to PTI.

Market experts have attributed the downfall to tracking negative global cues.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक